

दिल्ली, उ0प्र0, हरियाणा, पंजाब, गुजरात एवं राजस्थान में प्रसारित।

# गुरुकृपा दर्पण

UTTHIN/2022/85670

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

डाक सं० UA/DO/DON/02/2024-2026



वर्ष : 04 | अंक : 40 | हरिद्वार | शनिवार, 25 अक्टूबर, 2025 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 4

# राज्यपाल ने बदरीनाथ धाम पहुंचकर की पूजा अर्चना, राज्य और देश की सुख-समृद्धि की कामना की



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) मंगलवार को बदरीनाथ धाम पहुंचे जहां उन्होंने भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर विशेष पूजा में प्रतिभाग किया। यहां उन्होंने देश और राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की। बदरीनाथ पहुंचने पर जिलाधिकारी गौरव कुमार और पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने राज्यपाल का स्वागत किया। राज्यपाल ने जिलाधिकारी गौरव कुमार से धाम में चल रहे मास्टर प्लान के कार्यों की जानकारी ली। जिलाधिकारी द्वारा मास्टर प्लान के कार्यों से राज्यपाल को अवगत कराया, इस पर राज्यपाल ने सिविक एमीनिटी सेंटर, सिविक कम्युनिटी सेंटर, अराइवल प्लाजा और हॉस्पिटल बिल्डिंग की प्रगति पर संतोष जताया, और मास्टर प्लान के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहाँ जिस तरह का विकास हो रहा है वह हमें आत्मनिर्भर भारत की ओर ले जा रहा है। इस दौरान राज्यपाल ने कार्यदायी संस्था को मास्टर प्लान के कार्यों की प्रगति की फोटो सहित डॉक्यूमेंटेशन तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही शेष नेत्र और बद्रीश झील दोनों लेक की सफाई व्यवस्था सुचारू रखने और आस्था पथ पर जितना लाइट इत्यादि का कार्य है उसे मेंटेन रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त राज्यपाल ने चार धाम व्यवस्थाओं पर जिला प्रशासन की प्रशंसा की और यह भी कहा कि यहां पर पुलिस प्रशासन और मंदिर समिति का एक अच्छा समन्वय देखने को मिला। साथ ही उन्होंने इस कार्य में लगे सभी मंदिर समिति के सदस्य, पंडा, पुरोहित, पुलिस फोर्स और प्रशासन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई दी और पूरी यात्रा के लिए सभी को निर्देशित किया कि इसी तरह कार्य करते रहें। राज्यपाल ने कहा कि यहां पर उन्हें बहुत ही दिव्य अनुभव हुआ है सभी के चेहरे में एक अलग ही प्रसन्नता देखने को मिल रही है जिससे कि वे अभिभूत हैं, उन्होंने सभी भारतीयों सहित विश्व के लोगों से बदरीनाथ धाम में दर्शन लाभ प्राप्त करने की बात कही। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से यह भी कहा कि आगे भी इसी तरह व्यवस्थाओं को सुचारू रखा जाए, जिससे आने वाले तीर्थयात्रियों को सुगमता से भगवान बदरी विशाल के दर्शन लाभ मिल सकें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी चंद्रशेखर वशिष्ट, पुलिस उपाधीक्षक मदन सिंह बिष्ट, बीकेटीसी के प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी, नगर पंचायत बदरीनाथ के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## ट्रेवल्स एजेंट्स एण्ड टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन हरिद्वार का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



हरिद्वार। ट्रेवल्स एजेंट्स एण्ड टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने नवनियुक्त पद पर अध्यक्ष विजय शुक्ला, उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, सचिव गिरीश भाटिया, कोषाध्यक्ष निर्मल सिंह, उप कोषाध्यक्ष चेतन सुथार को नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारी को सभी उपस्थित गणमान्यों ने बधाई दी।

मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में ओम प्रकाश जमदग्नि दर्जाधारी राज्यमंत्री उत्तराखंड सरकार पहुंचे जिनका पदाधिकारीयों व उपस्थित व्यापारियों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश जिंदगी ने कहा कि मैं सरकार और संगठन एसोसिएशन के बीच सेतु का काम करूंगा यह ही मेरा उद्देश्य रहेगा। हम सब एक ही व्यवसाय से जुड़े हैं जब हम मिलकर एक साथ काम करेंगे तो सब आगे बढ़ते रहेंगे। ओमप्रकाश जमदग्नि ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को शपथ दिलाई कि सभी हरिद्वार ट्रेवल्स एजेंट्स एण्ड टूर

शेष पृष्ठ 3 पर..................`

गुरुकृपा दर्पण
(राष्ट्रीय समाचार पत्र) को आवश्यकता है उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों के लिए ब्यूरो चीफ, कैमरा मैन, संवाददाताओं की।
सम्पर्क करें –
9410731129, 9548880101

## भगवान श्री केदारनाथ धाम के कपाट विधि-विधान और शुभ मुहूर्त में बंद कर दिए गए



सुबह केदारनाथ मंदिर में मंगल आरती और विशेष पूजा के बाद भक्तों और तीर्थ पुरोहितों की उपस्थिति में मुख्य पुजारी भीमाशंकर लिंग ने पंचमुखी भगवान केदारनाथ जी की डोली की पूजा-अर्चना कर कपाट बंद करने की परंपरा पूरी की। मंदिर परिसर 'जय केदार!' के उद्घोषों से गूंज उठा। कपाट बंद होने से पूर्व हजारों श्रद्धालु भगवान शंकर के दर्शन करने पहुंचे। भक्तों ने अंतिम दर्शन का लाभ उठाया और अपने ईष्ट देव से आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा अनुष्ठान के बाद भगवान केदारनाथ की चल डोली शीतकालीन वेदिका *ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ* के लिए रवाना हुई, जहाँ अगले छह महीनों तक भगवान की पूजा-अर्चना होगी। मंदिर समिति के अनुसार, इस वर्ष की यात्रा में रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। लगभग 25 लाख से अधिक यात्रियों ने बाबा केदारनाथ धाम पहुँचना सुनिश्चित किया। पुलिस, प्रशासन और तीर्थ पुनर्निर्माण विभाग ने इस यात्रा को सुरक्षित और सफल बनाने में दिन-रात कार्य किया।

गुरुकृपा Darpan न्यूज़ भगवान भोलेनाथ से यही कामना करता है कि उनका आशीर्वाद सबके जीवन में सुख, समृद्धि और शांति लाए।

हर-हर महादेव... जय भोलेनाथ!

रिपोर्ट – सह सम्पादक उज्जवल जौहरी गुरुकृपा Darpan

# सम्पादकीय

## नदारद राहुल गॉधी



सम्पादक – देवेन्द्र जौहरी

राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को कितना बड़ा मुद्दा बनाया था! वे दो हफ्ते तक बिहार में रहे थे और 23 जिलों की यात्रा की थी। कांग्रेस के साथ साथ उन्होंने राजद, लेफ्ट, वीआईपी सबको साथ रखा और दो हफ्ते तक इसी काम में लगाए रखा। लेकिन जब एसआईआर का काम अंतिम नतीजे पर पहुंचा यानी अंतिम मतदाता सूची आई तो राहुल गांधी भी गायब और पार्टी भी नदारद। न तो दक्षिण अमेरिका से राहुल गांधी का कोई बयान आया और न प्रदेश में उनकी पार्टी ने कोई विरोध प्रदर्शन किया। चुनाव आयोग ने अंतिम मतदाता सूची जारी करते हुए कहा था कि 10 अक्टूबर को पहले चरण की अधिसूचना जारी होने से पहले तक नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया जा सकता है। हकीकत यह है कि 10 अक्टूबर तक नाम जोड़ने का एक भी आवेदन नहीं आया।

## मारपीट के आरोप में चार के खिलाफ केस दर्ज

रुद्रपुर। बस और कार की टक्कर के बाद हुई मारपीट के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दिवाकर पुत्र दीनाराम निवासी ग्राम शिमला पिस्तौर, रुद्रपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे वह अपनी कार में दोस्त विवेक, सुशील, स्वदेश कुमार और अंकित तिवारी के साथ लालपुर से शिमला पिस्तौर जा रहा था। इसी दौरान आइडिया कॉलोनी लालपुर के सामने प्राइवेट बस चालक विक्की ने अचानक ब्रेक लगाया, जिससे उनकी कार बस से टकरा गई। आरोप लगाया कि बस चालक विक्की गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतर आया और बस में आई खरोंच की मरम्मत का खर्चा मांगने लगा। विरोध करने पर विक्की ने अपने साथी मयंक अरोरा व अन्य दो को बुला लिया।

# ग्रामीणों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर जिलाधिकारी का किया स्वागत

हरिद्वार। ग्राम पंचायत हलवाहेडी में आयोजित विशेष शिविर को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि उत्तराखंड राज्य को 9 नवंबर 225 को 25 वर्ष पूर्ण होने जा रहे है, इस अवसर पर मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में उत्तराखंड राज्य की 25 वी वर्षगांठ को रजत जयंती सप्ताह के रूप में मनाया जाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें सरकार द्वारा किया गए विकास कार्यों का प्रचार प्रसार के साथ आम जन मानस की समस्याओं को प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। कार्यक्रम की सफलता के लिए तहसील रुड़की के अंतर्गत 25 ग्राम पंचायतें चिन्हित की गई है, जिसमें विशेष शिविर आयोजित किए जायेगे, जिसने राजस्व टीम द्वारा चिन्हित ग्राम पंचायतो में ग्राम समाजझ शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने एवं अविवादित विरासत के प्रकरणों का निस्तारण इसके अतिरिक्त यूसीसी पोर्टल पर विवाह पंजीकरण एवं आय,जाति/स्थाई निवास प्रमाण पत्रों को निर्गत किए जाएंगे एवं इसके साथ ही ग्रामीणों द्वारा दर्ज समस्याओं का भी मौके पर निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपेक्षा की है कि उनकी जो भी समस्याएं है एवं छेत्र में ग्राम समाज एवं सरकारी भूमि पर किसी व्यक्ति द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया है तो इसकी सूचना भी आयोजित शिविर में दे सकते है। आयोजित शिविर में ग्रामीणों द्वार जिलाधिकारी को क्षेत्र विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया शिविर में ग्रामीणों द्वारा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण भूमि का कटाव हो रहा है जिससे गांव को भी खतरा हो रहा है,जिसके लिए उन्होंने उचित प्रबंधन की मांग की गई।ग्रामीणों द्वारा अवगत द्वारा अवगत कराया गया कि क्षेत्र में चार आंगनवाड़ी निजी भावनों में संचालित हो रही है। जिसपर उन्होंने आवश्यक कार्यवाही की मांग की गई। नदी के कारण ग्रामीणों की जो भूमि कटाव हो रही है उसके उचित समाधान के लिए जिलाधिकारी ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को स्थलीय निरीक्षण कराते हुए जो भी भूमि कटाव के लिए जो भी व्यवस्था की जानी है उसके लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने क्षेत्र में निजी भवनों में संचालित हो रही आंगनबाड़ी केंद्रों एवं उनमें अध्यनरत बच्चों के संबंध में खंड विकास अधिकारी को मौका मुआयना करते हुए वस्तु स्थिति से अवगत करने के निर्देश दिए। शिविर में जिलाधिकारी द्वारा पात्र व्यक्तियो को विरासत एवं यूसीसी प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए।

राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती के अवसर पर रुड़की के इन 25 ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे विशेष शिविर

24 अक्टूबर को हलवाहेडी, करौंदी जदीद मु, मन्नाखेड़ी,सुसाडी खुर्द,बुक्कनपुर तथा 30 अक्टूबर को कलमपुर सैनी बांस,इकबालपुर कलेमपुर,गोपालपुर, मुन्डियाकी तथा सैदपुरा दिनांक 3 नवंबर को बाजूहेडी, बन्दाखेड़ी, सकोती, हशामपुर तथा खेमपुर दिनांक 7 नवंबर को भौरी,अखबरपुर झोंझा, कुआंहेड़ी, बुडपुर चौहान तथा खटका में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय हलवाहेडी का भी किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में अध्यनरत छात्रों की जानकारी ली तथा प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य के लिए गुणवत्ता शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार से कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए।इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा छात्र छात्राओं को उपलब्ध कराए जा रहे मध्यान भोजन की गुणवत्ता का भी जायजा लिया तथा निर्देश दिए कि भोजन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए तथा रोस्टर के अनुसार ही बच्चों को भोजन उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर जॉइंट मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचंद्र सेठ,खंड विकास अधिकारी रुड़की सुमन कोटियाल, ग्राम प्रधान हलवाहेडी जुल्फ़ाना, नायब तहसीलदार रुड़की प्रवीण त्यागी, नायब तहसीलदार मंगलौर यूसुफ अली सहित भारी सांख्य में ग्रामीण मौजूद रहे।

# गोवर्धन पूजन, गौशाला परिसर में पारंपरिक रूप से देसंविवि में सम्पन्न हुआ



हरिद्वार। देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज के गौशाला परिसर में गोवर्धन पूजन का पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ पारंपरिक विधि-विधान के अनुसार सम्पन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार, सांस्कृतिक सज्जा और लोक परंपरा के रंगों में रँगे इस आयोजन में विश्वविद्यालय परिवार, शांतिकुंज निवासीगण एवं प्रशिक्षणार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति युवा आइकॉन डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने विधिवत पूजन कर गौ माता की आरती एवं विशेष पूजन सम्पन्न किया। अपने संदेश में उन्होंने श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला का स्मरण करते हुए कहा कि गोवर्धन पर्व हमें यह प्रेरणा देता है कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों से हम साहस, धैर्य एवं सही निर्णयों के माध्यम से बाहर निकल सकते हैं। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन उठाकर जो आदर्श प्रस्तुत किया, वह आज भी प्रासंगिक है। पूजन स्थल को गाय के गोबर से निर्मित गोवर्धन स्वरूपों एवं पारंपरिक सजावट से विशेष रूप से सुसज्जित किया गया था। पूरे परिसर में भक्ति एवं उल्लास का वातावरण व्याप्त था। इस अवसर पर गायत्री परिवार प्रमुखद्वय श्रद्धेय डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं श्रद्धेया शैलदीदी ने गोवर्धन पूजन की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। समारोह में कुलपति शरद पारधी, शांतिकुंज व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरि, विभिन्न विभागाध्यक्ष, प्रशिक्षकगण, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में देश विदेश से आए श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अकादमी में पुलिस शहीद दिवस मनाया

देहरादून। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल अकादमी में पुलिस शहीद दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि उप महानिरीक्षक व उपनिदेशक आईटीबीपी अकादमी निशिथ चंद्र ने अकादमी परिसर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर देश के वीर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान एक सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 तक देशभर में राज्य पुलिस बलों तथा केंद्रीय सशस्त्र बलों में कर्तव्य पालन के दौरान शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उप महानिरीक्षक व निदेशक आईटीबीपी निशिथ चंद्र ने कहा कि पुलिस शहीद दिवस के इस अवसर पर उन सभी वीर शहीदों को स्मरण करने के लिए एकत्र हुए हैं, जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। वर्ष 1959 से 21 अक्टूबर को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में सीमा की रक्षा करते हुए सीआरपीएफ के बहादुर जवानों पर चीनी सैनिकों ने घात लगाकर हमला किया था। उस समय उस संघर्ष में भारत के दस वीर जवानों ने सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके इस अमर बलिदान की स्मृति में हर वर्ष 21 अक्तूबर को देशभर में पुलिस शहीद दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में राज्य पुलिस बलों एंव केंद्री सशस्त्र पुलिस बलों के अनेक बहादुर अधिकारियों और जवानों ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान देश की आंतरिक सुरक्षा एवं जनसेवा के लिए प्राण न्योछावर किए, उनको इस मौके पर स्मरण किया जा रहा है।

darpan NEWS

देवेन्द्र जौहरी
**सहसम्पादक**
जतिन शर्मा
**सहसम्पादक**
विक्रान्त शर्मा
**कानूनी सलाहकार**
जसमहिन्द्र सिंह एडवोकेट

# मुख्यमंत्री ने टनकपुर ( चंपावत ) में भैया दूज ( च्यूड़ा पूजन ) समारोह में किया प्रतिभाग, महिलाओं ने किया पारंपरिक पूजन






चंपावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अपने एक दिवसीय जनपद चंपावत भ्रमण के दौरान बनबसा और टनकपुर क्षेत्र में स्थानीय महिलाओं द्वारा आयोजित भैया दूज (च्यूड़ा पूजन) समारोह में प्रतिभाग किया। कुमाऊं की गौरवशाली परंपरा का प्रदर्शन कर महिलाओं ने पारंपरिक रूप से कुमाऊं का प्रसिद्ध 'च्यूड़ा पूजन' नाम से जाना जाता है। इस पवित्र अनुष्ठान के माध्यम से, महिलाओं ने मुख्यमंत्री की लंबी आयु, स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की कामना की। यह पूजन भाई-बहन के अटूट बंधन और लोक परंपराओं के प्रति स्थानीय लोगों की गहरी आस्था का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान महिलाओं द्वारा दिए गए अपार स्नेह और सम्मान के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान हैं, और इन पर्वों के माध्यम से हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री ने इस पावन अवसर पर प्रदेश की सभी माताओं और बहनों को भैया दूज की शुभकामनाएं देते हुए राज्य के विकास और जनता के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

टनकपुर स्थित शारदा घाट में मुख्यमंत्री ने की पूजा अर्चना

मुख्यमंत्री ने टनकपुर स्थित शारदा घाट पहुँचकर पूजा-अर्चना की एवं प्रदेश में सुख शांति एवं कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा पूर्णागिरि क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को यह आरती अपनी ओर आकर्षित करती है। शारदा घाट में आने से धार्मिक भावनाओं का संचार और प्राकृतिक नजरों के दर्शन भी होते हैं। उन्होंने कहा इस आरती के शुरू होने से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियां बड़ी हैं, जिससे यहां के लोगों को रोजगार भी मिला है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी डॉ जी एस खाती, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी/कार्मिक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# गंभीर मरीजों को शिफ्ट करने में मिलेगी मदद :डॉ.मीनू

## गार्गी चेरिटेबल ट्रस्ट, हरिद्वार ने एम्स को दान की 10 स्ट्रेचर ट्रॉली






ऋषिकेश। सामाजिक संस्था गार्गी चेरिटेबल ट्रस्ट, हरिद्वार की ओर से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश को 10 स्ट्रेचर ट्रॉली दान स्वरूप भेंट की गई। इससे अस्पताल में आने वाले गंभीर मरीजों को सुविधा मिलेगी। शुक्रवार को एम्स, ऋषिकेश में आयोजित एक सूक्ष्म कार्यक्रम में हरिद्वार स्थित सामाजिक संस्था गार्गी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संस्थान की कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रोफेसर( डॉ.) मीनू सिंह एवं चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी. सत्याश्री को 10 स्ट्रेचर ट्रॉलियां सौंपी गई। संस्था द्वारा दानस्वरूप भेंट की गई स्ट्रेचर ट्रॉलियों से खासकर विभिन्न स्थानों से उपचार हेतु रेफरल होकर एम्स आने वाले गंभीर किस्म के मरीजों को जांच एवं इलाज के दौरान एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने की सुविधा मिल सकेगी। संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि एम्स में लगातार मरीजों के संख्या बढ़ती जा रही है, लिहाजा कईदफा अत्यधिक संख्या में गंभीर किस्म के मरीजों के पहुंचने से उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने ले जाने के लिए संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधन भी कम पड़ने लगते हैं। उन्होंने गार्गी चेरिटेबल ट्रस्ट का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि संस्था द्वारा मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल को स्ट्रेचर ट्रॉली भेंट करना सराहनीय कदम है। जिसका लाभ आने वाले समय में जरूरतमंदों को मिल सकेगा। गौरतलब है कि गार्गी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से गतवर्ष भी एम्स संस्थान को मरीजों की सुविधा के लिए 25 व्हील चेयर दान दी गई थी, जिसका लाभ उत्तराखंड ही नहीं विभिन्न प्रांतों से यहां इलाज हेतु आने वाले मरीजों को मिल रहा है।

## सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय अल्मोड़ा में मनाया गया पुलिस स्मृति दिवस

अल्मोड़ा। क्षेत्रीय मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, अल्मोड़ा में मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिसकर्मियों की वीरता और समर्पण को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। यह कार्यक्रम भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तत्वावधान में क्षेत्रीय मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल अल्मोड़ा के कार्यवाहक उपमहानिरीक्षक एवं कमांडेंट बी.सी. जोशी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बी.सी. जोशी ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मौन धारण कर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके उपरांत गार्ड द्वारा शहीदों के सम्मान में सलामी दी गई। कार्यक्रम में उपकमांडेंट (सामान्य) वीरेंद्र सिंह चौधरी, उपकमांडेंट (सामान्य) विपिन कटारा, सहायक कमांडेंट (अनुसचिवीय) राजकुमार सहित अधीनस्थ अधिकारी और बलकर्मी उपस्थित रहे। विदित हो कि 21 अक्तूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में चीनी सेना के साथ संघर्ष के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दस बहादुर जवान देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए थे। उनकी स्मृति में हर वर्ष 21 अक्तूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। ताकि उनके साहस, बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा को सदैव याद किया जा सके। यह दिन इस बात की याद दिलाता है कि देश के प्रहरी हर परिस्थिति में राष्ट्र की सुरक्षा के लिए समर्पित रहते हैं।

# ट्रेवल्स एजेंट्स एण्ड टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन हरिद्वार का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

पृष्ठ 1 का शेष.....................

ऑपरेटर्स एसोसिएशन के हित में सर्वोपरि रूप में कार्य करेंगे जो एक समान भाव से सबके लिए हितकारी हो। विशेष अतिथि हरिद्वार महापौर किरण जैसल का पुष्प माला अर्पण कर व पुष्प कुछ देकर भव्य स्वागत किया गया, कहा कि सरकार सदैव व्यापारी हित के लिए कार्य कर रही है। आशुतोष शर्मा जिलाध्यक्ष भाजपा ने कहा कि हरिद्वार में यात्रियों की संख्या घट रही है पर उत्तराखंड में यात्रियों की संख्या बढ़ रही है इस पर भी हमें एक मत होकर सोचना होगा। एक गाड़ी चलाने वाला या सौ गाड़ियों का मालिक भी यहां सब एक समान है। आने वाला यात्रा सीजन बहुत अच्छा बनाने वाले है, कमाने वाले है। समय से पूर्व एक होकर एक मत कार्य करना चाहिए, अर्ध कुंभ हो या चारधाम यात्रा हो सभी पर्वो पर विशेष ध्यान देना चाहिए। नवनियुक्त पद पर अध्यक्ष विजय शुक्ला ने कहा कि सरकार से यात्रा की मांग मार्च में ही क्यों करें हुआं आप सभी के साथ दिसंबर जनवरी में ही सरकार से मांग करेंगे जिससे आने वाले तीर्थ यात्रियों को भी सुविधा हो और व्यापारियों को भी सुविधा हो। सचिव गिरीश भाटिया उत्तराखंड टैक्सी मैक्सी एवं टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने कहा कि हम एसोसिएशन का पूर्ण समर्थन करते है कहा कि सीमित संख्या बाध्यता बंद होनी चाहिए। यात्री अपनी मर्जी से कभी भी आए और जब चाहे तीर्थ स्थल के दर्शन करें इस पर बाध्यता खत्म होनी चाहिए। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक संजय गुप्ता उपस्थित रहे और एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी। शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत सभी सदस्यों ने जलपान ग्रहण किया। उपस्थित जनों में देवेंद्र जोहरी, बलवीर सिंह, धर्मेंद्र परिहार, ललित, अंशुल सोनी, अंकित, मोनू बिश्नोई, अनुज सिंघल, मुकेश गिरी, दुष्यंत चौहान, अर्जुन सैनी, नवीन भाटिया, मांगेराम सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

# महाभारत के कर्ण, परिवार के सदस्यों ने स्वामी चिदानन्द सरस्वती से भेंट कर साझा की उनकी यादें

## बी आर चोपड़ा के धारावाहिक महाभारत में कर्ण की भूमिका को पंकज धीर ने यादगार बना दिया



ऋषिकेश। भारतीय सिनेमा जगत के वरिष्ठ कलाकार, पंकज धीर को उनके असाधारण योगदान और यादगार अभिनय के लिए परमार्थ निकेतन में स्मरण किया। पंकज धीर के पुत्र निकितन धीर अपने परिवार के सदस्यों के साथ स्वामी चिदानन्द सरस्वती से भेंट करने परमार्थ निकेतन पहुंचे और स्वामी जी के साथ अपने पिता की स्मृतियाँ साझा कीं और उनकी आत्मा की शान्ति के लिये एक विशेष शान्ति पूजा का आयोजन किया गया। पंकज धीर का नाम भारतीय धारावाहिकों और फिल्मों में एक अद्वितीय पहचान के रूप में हमेशा याद रखा जाएगा।

बी. आर. चोपड़ा के धारावाहिक महाभारत में कर्ण की भूमिका में उनके अभिनय ने दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने जिस भाव, दृढ़ता और गरिमा के साथ कर्ण का व्यक्तित्व मंचित किया, वह दर्शकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया। उनके द्वारा निभाई गई भूमिका कर्ण के चरित्र की गहराई को दर्शाती है, जो भारतीय टेलीविजन इतिहास में भी एक मिसाल बन गई। इसके अलावा पंकज धीर जी ने सड़क, सोल्जर, बादशाह, तार्जन, द वंडर कार और चंद्रकांता जैसे कई धारावाहिकों में भी अपनी छाप छोड़ी। फिल्मों में उनके अभिनय की विविधता और संजीदगी ने उन्हें युवा पीढ़ी और पुराने दर्शकों दोनों के बीच प्रिय बना दिया। हर किरदार में उनका अभिनय सहज और प्राकृतिक था, जिससे दर्शक भावनाओं से जुड़ते गए और उनकी स्मृति हमेशा ताजा रही। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने धीर परिवार से सहानुभूति और अपनी संवेदनाएँ साझा कीं। उन्होंने कहा कि कलाकार केवल अभिनय ही नहीं करते, बल्कि समाज और संस्कृति के प्रतीक भी होते हैं। पंकज धीर ने अपने समर्पित प्रयास और उत्कृष्ट कौशल से भारतीय धारावाहिकों और फिल्मों के माध्यम से संस्कृति, निष्ठा और सम्मान का संदेश प्रस्तुत किया। उनके योगदान ने न केवल मनोरंजन जगत को समृद्ध किया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी स्थापित किया। निकितन धीर ने अपने पिता की यादों को साझा करते हुए बताया कि पंकज धीर का जीवन केवल अभिनय तक सीमित नहीं था। वे एक आदर्श परिवार पुरुष, एक समर्पित पिता और समाज के प्रति संवेदनशील नागरिक भी थे। उनके जीवन में विनम्रता, सहजता और कर्मठता हमेशा स्पष्ट झलकती थी। पंकज धीर का जीवन स्क्रीन तक सीमित नहीं था। वे पात्रों की गहराई और सजीवता दर्शकों के दिलों में हमेशा जीवित रखना चाहते थे। कर्ण का उनका चरित्र, जिसकी निष्ठा, वीरता और संघर्ष की कहानी आज भी लोगों के मन में प्रेरणा जगाती है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने धीर परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि यादें और संस्कार ही हमे प्रियजनों के निकट बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि पंकज धीर की विरासत केवल उनके अभिनय तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके आदर्श, संस्कार और जीवन दृष्टि आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे। धीर परिवार ने अपने पिता की स्मृतियों और उनके जीवन के अद्वितीय योगदान को साझा करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पंकज धीर का नाम भारतीय धारावाहिकों और फिल्मों में हमेशा आदर्श और प्रेरणा के रूप में याद रखा जाएगा। परमार्थ निकेतन से पंकज धीर के व्यक्तित्व, आदर्श और योगदान को भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अनीता धीर, पत्नी, निकितन धीर, पुत्र, नितिका शाह, पुत्री, रुशांग शाह जामाता, विपिन खन्ना, पिंकी खन्ना ने शान्ति पूजा की।

# नई टिहरी को मॉडल डायट के रूप में विकसित करने की कवायद शुरू

नई टिहरी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) नई टिहरी को मॉडल डायट के रूप में विकसित करने की कवायद शुरू हो गई है। अवस्थापना विकास के लिए पेयजल निगम चंबा को डीपीआर बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। मॉडल डायट बनने से टिहरी में सरकारी शिक्षा के विस्तार में और सुविधा मिलेगी। एनसीईआरटी के निदेशक प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी की अध्यक्षता में मंगलवार को डायट सभागार में अकादमिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डायट के अकादमिक कार्यों के अलावा मॉडल डायट बनाने के लिए इस्टीमेट तैयार करने पर चर्चा की गई। डीएम नितिका खंडेलवाल ने खुशी जताई कि टिहरी डायट को मॉडल डायट बनाने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। डीएम, एनसीईआरटी के निदेशक प्रो. सकलानी सहित अन्य अधिकारियों ने डायट भवन, प्रताप इंटर कॉलेज और निकटवर्ती स्थानों का निरीक्षण किया। मॉडल डायट के लिए उक्त भवन के अलावा भूमि चयन किया जाना है। टीम ने खाली स्थान तथा ऑडिटोरियम के लिए जगह का निरीक्षण किया गया। निदेशक ने बताया कि यह कार्य उनकी प्राथमिकता में है। डीएम ने आगामी नवंबर माह तक इसकी डीपीआर तैयार कर एनसीईआरटी को भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्राचार्य हेमलता भट्ट को निर्माण एजेंसी के साथ समन्वय बनाकर यह कार्य जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए।

# सीएम धामी ने प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कपाटबंद होने के मौके श्री केदारनाथ धाम पहुंचे, सभी प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और कल्याण के लिए कामना की है। मुख्यमंत्री ने धाम में चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। केदारनाथ मंदिर के कपाट गुरुवार को शीतकाल के लिए विधि विधान के साथ बंद हो गए हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी केदारनाथ धाम पहुंचे, उन्होंने केदारनाथ धाम में विशेष पूजा-अर्चना करते हुए, प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय तीर्थ पुरोहितों और तीर्थयात्रियों से भी बातचीत की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन हेतु पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के सुनियोजित प्रयासों से इस बार की चार धाम यात्रा सफल और सुचारू रूप से संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा प्रदेश की आर्थिकी में अहम योगदान देती है और देवभूमि उत्तराखंड को दुनिया भर में रहने वाले सनातन धर्मावलंबियों से भी जोड़ती है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर केदारनाथ धाम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड के चार धामों के साथ ही मानसखंड से जुड़े मंदिरों में भी विभिन्न विकास कार्य पूरे किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्ष 2026 की यात्रा के लिए अभी से रणनीति तय की जाए, ताकि समय रहते यात्रा प्रबंध पूरे किए जा सकें, उन्होंने यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने में तीर्थ पुरोहितों, हक हकूकधारियों, स्थानीय कारोबारियों और तीर्थ यात्रियों का विशेष आभार व्यक्त किया। देवभूमि उत्तराखंड के तीर्थ केदारनाथ धाम के कपाट गुरुवार को, यमुनोत्री धाम के कपाट गुरुवार को, गंगोत्री धाम के कपाट बुधवार को बंद किए गए है जबकि श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट अभी खुले हैं जिससे आने वाले श्रद्धालुओं देव दर्शन व अनुष्ठान कर सके।

# डॉ अग्रवाल ने माँ काली से प्रदेश की सुख-समृद्धि और विकास लिए प्रार्थना की

ऋषिकेश। केवलानंद मार्ग, मायाकुण्ड, ऋषिकेश में सार्वजनिक काली पूजा समिति द्वारा आयोजित काली पूजा के 41वें वार्षिक महोत्सव में उत्तराखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं ऋषिकेश विधायक डॉ. अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर माँ काली की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और समृद्ध विकास के लिए माँ काली से आशीर्वाद की कामना की। डॉ. अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि माँ काली शक्ति, साहस और न्याय की प्रतीक हैं। माँ की उपासना से हमें बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि समाज में धर्म, संस्कार और एकता का भाव बनाए रखने के लिए इस प्रकार के धार्मिक आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि ये आयोजन समाज को एक सूत्र में बाँधने का कार्य करते हैं। उन्होंने समिति के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को इस भव्य आयोजन के सफल संचालन के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि 41 वर्षों से निरंतर इस पूजा का आयोजन इस बात का प्रमाण है कि यहाँ की जनता अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति गहरी आस्था रखती है। उन्होंने कहा कि इस निरंतरता और जनसहभागिता ने मायाकुण्ड क्षेत्र को धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बना दिया है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि माँ काली की कृपा से ऋषिकेश नगर निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि वे माँ काली के आशीर्वाद से प्रेरणा लेकर समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में योगदान दें। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राम मंडल, उपाध्यक्ष संजयदास, सचिव संदीप राजवंशी, कोषाध्यक्ष विजन दास, महासचिव तुषार बौड़ाई, पार्षद अजय दास, जितेंद्र पाल पाठी, संदीप शर्मा, रविबिष्ट, पवन सिंह, अविनाश, उत्तमदास, सुरेश विश्वास आदि उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **देवेन्द्र जौहरी** द्वारा साप्ताहिक समाचार पत्र **''गुरुकृपा दर्पण''** को रूद्र प्रिंटिंग प्रेस, ई-34, ओल्ड इडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं एस-3, अशोक विहार कालोनी, कनखल, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।
सम्पादकः **देवेन्द्र जौहरी**
मो. - **9997331129**
E-mail : gurukripadarpan@gmail.com